धर्म समाज कॉलेज, अलीगढ़
दिनांक-17.01.2026

# छात्रवृत्ति से सम्बंधित अति आवश्यक सूचना

महाविद्यालय के समस्त वर्ग के छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि जिन अभ्यर्थियों ने सत्र 2025-26 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति के लिए आवेदन किया है तथा जिन छात्रों द्वारा अपनी बायोमैट्रिक (अंगूठा निशानी) नहीं करायी गई है ऐसे छात्र दिनांक 21.01.2026 को समय प्रातः 10:30 बजे से 01:00 बजे तक आवश्यक रूप से करा लें।

आपको महाविद्यालय द्वारा समय-समय पर निरन्तर महाविद्यालय के सूचना पट नोटिस चस्पा करके तथा फोन द्वारा सूचित किया जा रहा है, महाविद्यालय की वेबसाइट पर भी यह सूचना इंगित है परन्तु आपके द्वारा फाइनल प्रिंट महाविद्यालय में जमा न करने के कारण लम्बित आवेदन पत्रों की संख्या पोर्टल पर दर्शायी जा रही है, जिसके कारण समाज कल्याण विभाग उ0प्र0 शासन एवं कुलसचिव, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह वि0वि0, अलीगढ़ द्वारा धर्म समाज महाविद्यालय, अलीगढ़ की ऐसी स्थिति पर निरंतर अंसतोष व्यक्त किया जा रहा है।

**अतः इस स्थिति में ऐसे छात्र-छात्रायें जिनके द्वारा अभी तक फाइनल प्रिंट महाविद्यालय में जमा नहीं किया गया है, को अंतिम अवसर के रूप में दिनांक 21.01.2026 समय प्रातः10:30 बजे से 1:00 बजे तक तथा बायोमैट्रिक (अंगूठा निशानी) हेतु दिया जा रहा है। इसके पश्चात लम्बित फॉर्मो (जो छात्र महाविद्यालय में अपना फाइनल प्रिंट जमा नही करता है) को निरस्त कर अग्रिम कार्यवाही हेतु शासन को भेज दिया जायेगा।**

अतः उक्त कार्य को समयबद्धता से पूर्ण करे अन्यथा की स्थिति में संपूर्ण उत्तरदायित्व स्वयं छात्र का होगा।

(प्रो0 मुकेश कुमार भारद्वाज)
प्राचार्य